9- AUG- BSP- P-1_Layout 1 8/8/2025 1:47 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 10 अगस्त 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान
अधिकतम 33.8 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री


जवाली नाले के ऊपर बनी सड़क पर चेम्बर टूटा। सुरक्षा के लिए खंभानुमा चिन्ह लगाकर इसे कवर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### समपार फाटक पर संरक्षा जागरूकता वेबीनार

**बिलासपुर।** रेलवे के समपार फाटकों पर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं संरक्षित ट्रेन संचालन को बढ़ावा देने एक संरक्षा जागरूकता वेबीनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य समपार फाटकों पर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और संरक्षा उपायों की जानकारी प्रसारित कर जागरूकता बढ़ाना था। यह आयोजन संरक्षा विभाग ने किया, जिसमें समपार फाटकों पर संरक्षा से संबंधित नियम, उपकरणों एवं कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# स्टंट करते पकड़ी गई गाड़ी हवलदार की पत्नी के नाम, पुलिस विभाग किराए में चला रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकण्डा क्षेत्र में नीली बत्ती जलाकर तेज रफ्तार स्टंट करते पकड़ी गई पेट्रोलिंग में चलने वाली स्कार्पियो हवलदार की पत्नी के नाम की निकली। उक्त गाड़ी को पुलिस विभाग किराए में लेकर चलवा रहा था। मामले का खुलासा होने के बाद अब उक्त हवलदार के संबंधितों की गाड़ियां बाहर कर दी गई हैं।

पिछले दिनों सरकण्डा अशोकनगर में सिविल लाइन थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 बीआर, 4014 का ड्राइवर नीली बत्ती चालू कर सायरन बजाते हुए लड़कों को बैठाकर स्टंट करते हुए रील बना रहा था। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने वाहन जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच में पता चला उक्त स्कार्पियो पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक चंद कुमार जायसवाल की पत्नी गायत्री देवी जायसवाल के नाम पर है। उनका बेटा गाड़ी को लंबे समय से पुलिस विभाग में किराए में चला रहा था। हवलदार स्वयं एमटी शाखा में पदस्थ हैं। यहां से टैक्सी गाड़ी हायर कर चलाई जाती है।



### लंबे समय से एक ही ट्रैवलर की गाड़ियां चल रहीं

विभाग में लंबे समय से एक ही ट्रैवलर कंपनी की टैक्सी गाड़ियां हायर कर पुलिस थाना व दफ्तर, वीआईपी आगमन में लगाया जाता है। लंबे समय से एक एक ही कंपनी की गाड़ियां चलने से संचालक की अधिकारियों से सांठगाठ है। पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रिश्तेदारों के नाम पर गाड़ी इसी के माध्यम से गाड़ियां चलवाते हैं।

### प्रधान आरक्षक का बेटा चलवा रहा था स्कार्पियो

सरकण्डा थाने में स्टंट करते पकड़ी गई स्कार्पियो को प्रधान आरक्षक चंद्र कुमार जायसवाल का बेटा टैक्सी में चलवा रहा था। घटना के बाद उसकी सभी गाड़ियों को विभाग से बाहर कर दिया गया है।

- राजकुमार सिंह
एमटीओ पुलिस लाइन

### कई अधिकारियों, कर्मचारियों की चल रहीं गाड़ियां

जिले में पुलिस विभाग में पदस्थ कई राजपत्रित अधिकारी व कर्मचारी अपने रिश्तेदारों के नाम पर गाड़ी लेकर अपने ही विभाग में किराए में चलाकर मोटी रकम कमा रहे हैं। मजेदारबात यह है कई अधिकारी इन गाड़ियों का स्वयं उपयोग भी करते हैं। कई अधिकारी व कर्मचारियों की तो दो दो तीन तीन गाड़ियां चल रही है। अधिकारियों को इस बात की जानकारी है, परन्तु उसके बाद भी सभी आंखें बंद किए हुए हैं।



### खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट और टाइल्स समेत लाखों का सामान पार

# दो साल में जर्जर हो गया 65 लाख में बना स्कूल भवन

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

65 लाख रुपए खर्च कर बेलतरा में बनाया गया शासकीय हाई स्कूल दो साल में ही जर्जर हो गया है। यही नहीं स्कूल से खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट और टाइल्स समेत लाखों रुपए का सामान उखाड़ लिया गया है। गांव के पूर्व सरपंच पति पर इसके लिए आरोप है। मामले में शिकायत और जानकारी सामने आने पर लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रभारी प्राचार्य कावेरी यादव को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन चोरी की रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं कराई गई है। निलंबन अवधि में प्रभारी प्राचार्य का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बिल्हा तय किया गया है।



- जांच के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रभारी प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया
- मरम्मत के बहाने स्कूल को खाली कराकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था

### 4 दरवाजे, 24 खिड़कियां समेत दूसरे सामान गायब

ग्रामीणों ने बताया कि जब कक्षाएं पास की दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट की गई, उसी दौरान तात्कालीन सरपंच पति द्वारा खाली पड़े स्कूल भवन से सामान को उखाड़ना शुरू कर दिया। सरपंच पति ने स्कूल से लोहे के 4 दरवाजे, 24 खिड़कियां, 16 लोहे की रेलिंग, बाथरूम के 8 रोशनदान, 2 चैनल गेट, फर्श और टाइल्स समेत लाखों का सामान निकालकर अपने घर ले गया। घटना के बाद स्कूल भवन पूरी तरह खंडहर में बदल गया है। अब वहां किसी भी तरह की कक्षाएं नहीं लग रही हैं।

दरअसल, स्कूल की इमारत कुछ साल पहले ही बनी थी और वहां नियमित कक्षाएं चल रही थी। इसी बीच एक साल पहले मरम्मत के बहाने स्कूल प्रबंधन ने भवन को खाली करा दिया। कक्षाएं पास की दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट कर दी गई। इसी दौरान स्कूल की बिल्डिंग में लगे चैनल गेट, रेलिंग, खिड़कियां और टाइल्स गायब हो गए। जब स्थानीय लोगों ने स्कूल की इमारत को खंडहर जैसी हालत में देखा, तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने जानकारी जुटाई तो पूरा मामला सामने आया। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से इसकी शिकायत की।

### की गई कार्रवाई

शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच कराई गई तो सामने आया कि स्कूल के प्राचार्य ने खिड़कियां और दरवाजे निकालने के लिए सहमति दी थी। इसके लिए विभाग के अधिकारियों से भी अनुमति नहीं ली गई और ना ही बाद में इसकी जानकारी दी गई। इसे दायित्वों में लापरवाही और शासन को वित्तीय नुकसान पहुंचाने वाला कार्य माना गया है। प्रभारी प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है।

- विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### बिना अफसरों को बताए प्रिंसिपल ने दी सहमति

शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच कराई गई तो सामने आया कि स्कूल के प्राचार्य ने खिड़कियां और दरवाजे निकालने के लिए सरपंच पति को सहमति दे दी। उन्होंने इसके लिए विभाग के अधिकारियों से भी अनुमति नहीं ली और न ही उन्हें इसकी जानकारी दी। जब ग्रामीणों ने स्कूल भवन को खंडहर देखा तब उन्होंने घटना की जानकारी अधिकारियों को दी। इस बारे में पूर्व सरपंच पति रामरतन कौशिक का कहना है कि यह सही है कि मैंने जर्जर स्कूल भवन से खिड़की, दरवाजों को निकलवाया था लेकिन, जो भी सामान था, उसे स्कूल को सौंप दिया था। इस मामले की जांच हो चुकी है। इसके बाद भी बदनाम करने के लिए चोरी का आरोप लगाया जा रहा है। स्कूल से सामान कहां गायब हुआ, इसकी जानकारी नहीं है।

# मारपीट की नहीं लिखी रिपोर्ट, हो गई पीड़ित युवक की हत्या, एएसआई सस्पेंड, टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मारपीट होने पर पीड़ित युवक रिपोर्ट लिखाने गया तो उसका मुलाहिजा कराया गया, किन्तु उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पुलिस की घोर लापरवाही के चलते तीन दिन बाद पीड़ित युवक की मारपीट करने वाले ने चाकू मारकर हत्या कर। एसएसपी ने थाने जाकर घटना की समीक्षा की और रिपोर्ट नहीं लिखने वाले दिवस अधिकारी एएसआई को सस्पेंड व टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई राठौर को कोतवाली थाने का नए थाना प्रभारी बनाया गया है।

ज्ञात हो कि 5 अगस्त को मनोहर लाज के पास मोबाइल के विवाद में पचरीघाट निवासी दीपक उर्फ दादू साहू के साथ गणेश रजक ने जमकर मारपीट कर दी थी,


रक्षाबंधन के एक दिन पहले युवक की चाकू मारकर हत्या, परिवार में मचा कोहराम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। खून से लथपथ दीपक साहू रिपोर्ट लिखाने कोतवाली थाने गया। उसकी स्थिति को देखते हुए तत्कालीन दिवस अधिकारी एएसआई गजेन्द्र शर्मा ने उसे अस्पताल भेजकर मुलाहिजा कराया। लौटने के बाद पीड़ित से लिखित शिकायत लेकर चलता कर दिया था। पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर हमलावर के खिलाफ कोई कारवाई नहीं की गई थी।

पुलिस की घोर लापरवाही के चलते 8 अगस्त की रात 9.30 बजे श्याम टाकीज ज्वालीनाला के पास पीड़ित व हमलावर के बीच उसी बात को लेकर विवाद हो गया। हमलावर गणेश रजक ने दीपक साहू के सीने पर चाकू से हमलाकर हत्या कर दी। 9 अगस्त को एसएसपी रजनेश सिंह ने कोतवाली थाने जाकर पीड़ित द्वारा की गई शिकायत की समीक्षा की, इसमें पाया गया कि पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने गया था, उसका मुलाहिजा भी कराया गया, किन्तु आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। परिणाम यह हुआ कि पीड़ित युवक की चाकू घोंप कर हत्या कर दी गीई। इस प्रकार कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता प्रदर्शित करने पर दिवस अधिकारी एएसआई गजेन्द्र शर्मा को निलंबित कर पुलिस लाइन सम्बद्ध कर दिया गया है।

### टीआई लाइन अटैच, राठौर होंगे नए थाना प्रभारी

एसएसपी श्री सिंह ने कहा हत्या की वारदात से स्पष्ट होता है कि कोतवाली थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय का अपने अधीनस्थों पर कोई नियंत्रण नहीं था। उन्होंने टीआई को कर्तव्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनतता बरतने पर लाइन अटैच कर दिया। वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई देवेश सिंह राठौर को नया कोतवाली थाना प्रभारी बनाया गया है।

### आरोपी को कोर्ट ने लौटाया

कोतवाली ने पुलिस देर रात आरोपी गणेश रजक को पकड़ लिया। दूसरे दिन गिरफ्तारी की कार्यवाही में विलंब होने के कारण देर शाम उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने समय समाप्त होने के कारण आरोपी को वापस लौटा दिया। आरोपी को कोतवाली थाना में रखा गया है।

### भाजपा सरकार बनने के बाद से नगरीय निकायों में खाली हैं एल्डरमैन के पद

# आयोग व मंडलों के बाद अब निगमों में नियुक्तियों का इंतजार, एल्डरमैन के प्रदेश में 1200 पद खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश सरकार द्वारा कई आयोग व मंडलों में नियुक्तियों के बाद अब नगर निगमों सहित नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद जैसे नगरीय निकायों में नियुक्तियों का इंतजार किया जा रहा है। नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की कुर्सी खाली पड़ी है। पूरे छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में एल्डरमैन के 1200 पदों पर नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसका भाजपाई राह देख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा को सत्ता हासिल किए डेढ़ साल से अधिक समय हो गया है और भाजपा सरकार का कार्यकाल गुजरते जा रहा है। लेकिन अभी तक पूरे आयोग, मंडलों में नियुक्ति नहीं हो पाई है और न ही नगर निगमों, नगर पालिकाओं जैसे नगरीय निकायों में एल्डमैनों की नियुक्ति हुई है। प्रदेश में विधानसभा का चुनाव के बाद दिसंबर 2023 में भाजपा की सरकार बनी। भाजपा की सत्ता आने के बाद दो-तीन माह भीतर ही कांग्रेस शासनकाल के नियुक्त एल्डरमैनों को हटा दिया गया था और निगम, आयोग, मंडलों में पूर्व जो नियुक्तियां हुई थी उसे भंग कर दिया गया था। उस समय नगरीय निकायों का कार्यकाल सालभर बचा था इसलिए यह मान लिया गया कि नगरीय निकाय चुनाव के बाद ही निकायों में एल्डरमैनों की कुर्सियों पर नियुक्ति की जाएगी। इस तरह एल्डरमैनों की कुर्सी सालभर खाली रही। इसके बाद नगर निगम, निकाय चुनाव जनवरी 2025 में हुआ। नगरीय निकाय चुनाव हुए भी सात-आठ महिना होने जा रहा है और अभी तक नियुक्तियों का अता-पता नहीं है। निकाय चुनाव के बाद नियुक्तियों को लेकर बीच उठापटक चली थी, उसके बाद से फिर कोई सुगबुगाहट नहीं दिख रही है।

- एल्डरमैन बनने की राह देख रहे कई भाजपाई

### सरकार पर पड़ेगा वित्तीय भार

खबर है कि नगरीय निकायों में एल्डरमैनों की नियुक्ति से सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा इसलिए वित्तीय भार से बचने के लिए सरकार नियुक्तियों को टालते जा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ में 1200 एल्डरमैन की नियुक्तियां होना है। इन्हें प्रतिमाह 15 हजार रुपए मानदेय देना पड़ता है। एल्डमैन एक तरह से मनोनीत पार्षद होते हैं, इसलिए उन्हें पार्षदों की तरह हर साल करीब साढ़े चार लाख रुपए विकास निधि मिलती है, जिसे वे विकास कार्यों के लिए खर्च कर सकते हैं। इस तरह 1200 एल्डरमेनों को प्रत्येक माह मानदेय देने और विकास निधि मिलाकर सरकार पर काफी वित्तीय भार पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में 10 नगर निगम और 18 नगर पालिका परिषद व 89 नगर पंचायतें हैं। नगर निगमों सहित नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत सभी नगरीय निकायों में एल्डरमैन के पद होते हैं। ये एल्डरमैन सत्तापक्ष के लोग होते हैं, जिन्हें एक तरह से मनोनित पार्षद के रूप में एल्डरमैन पद से नवाजा जाता है। ये एल्डरमैन नगरीय निकायों में सत्तापक्ष का ही साथ देते हैं और सभा, बैठकों में पार्षदों की तरह अपनी बात भी रखते हैं।



# बीएसएनएल का फ्रीडम प्लान लॉन्च, सिर्फ 1 रुपए में पाएं 4जी, 5जी सिम व कई सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल ने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक फ्रीडम प्लान लॉन्च किया हैए जिसकी शुरुआत 1 अगस्त से हो चुकी है। इस योजना के तहत मात्र 1 रुपए के रिचार्ज पर बीएसएनएल का 4जी और 5जी सिम कार्ड बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। इसके साथ ही दूसरे ऑपरेटर के सिम को भी सिर्फ 1 रुपए में बीएसएनएल में पोर्ट करने की सुविधा दी जा रही है।

इस योजना में 30 दिन की वैधता के साथ ग्राहकों को हर दिन 2जी हाई.स्पीड डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और 100 एसएमएस प्रतिदिन की सुविधा मिल रही है।

- 1 अगस्त से लागू, 31 अगस्त तक वैध

यह प्लान नया सिम लेने वाले ग्राहक या मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी एसएमएस के जरिए बीएसएनएल में आने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। ग्राहक यह प्लान बीएसएनएल के सभी ग्राहक सेवा केंद्र, अधिकृत फ्रेंचाइजी, रिटेलर और डीएस, एजेंटों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इस फ्रीडम प्लान की वैधता 31 अगस्त 2025 तक रहेगी। बीएसएनएल बिलासपुर के अफसरों ने बताया कि बीएसएनएल की 4जी सेवाएं लगातार विस्तार कर रही हैं।

हम अपने उपभोक्ताओं को सस्ती, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह फ्रीडम प्लान डिजिटल इंडिया की दिशा में एक मजबूत कदम है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस प्लान को लेकर उपभोक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी ऑपरेटरों के महंगे प्लानों के मुकाबले ग्राहकों को किफायती विकल्प उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकता है।

# जोन मुख्यालय में स्थापित किया गया नैरोगेज स्टीम इंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल मुख्यालय परिसर में ब्रिटिश काल के दौरान बने 114 वर्ष पुराने नैरोगेज स्टीम इंजन को स्थापित किया गया है, जो ऐतिहासिक प्रतीक के रूप में गौरव का विषय है।

यह इंजन न केवल रेलवे के सुनहरे इतिहास की याद दिलाता है, बल्कि आगंतुकों को उस युग से रूबरू कराता है जब भाप से चलने वाले इंजन देश की प्रगति का आधार थे। जोन मुख्यालय के अनुसार यह इंजन नार्थ ब्रिटिश कंपनी ग्लासगो इंग्लैंड द्वारा निर्मित किया गया था, जो उस समय विश्व की अग्रणी लोकोमोटिव कंपनी में से एक थी। यह स्टीम लोकोमोटिव भारतीय रेलवे के प्रारंभिक मालवाहन इतिहास का हिस्सा रहा है। इसका उपयोग बंगाल नागपुर रेलवे के चावल ढोने वाली मालगाड़ियों में किया जाता था। लगभग आधी सदी तक सेवा देने के बाद यह इंजन 1956 में सेवानिवृत्त हुई। इंजन का रखरखाव पश्चिम बंगाल के आद्रा स्थित ऐतिहासिक लोकोशेड में होता था। इसे 2009 में भिलाई शेड लाकर सुंदर रंग रौगन एवं मरम्मत के बाद बिलासपुर मुख्यालय परिसर में प्रतिस्थापित किया गया। वर्तमान में इंजन को एक सुंदर चबूतरे पर स्थापित कर उसके चारों ओर हरियाली और विशेष लाइटिंग व्यवस्था की गई है, जिससे यह एक शानदार दर्शनीय स्थल बन गया है। इसके समीप स्थापित की गई पुरानी स्टीम क्रेन भी ऐतिहासिक माहौल को और अधिक सजीव बनाती है।

प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में एक अहम निर्णय

# अशोक, मनोज और सुनील बनाए गए सीनियर एडवोकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में एक अहम निर्णय लेते हुए तीन वकीलों को सीनियर एडवोकेट के तौर पर नियुक्ति की है। यह निर्णय गुरुवार 7 अगस्त 2025 को कोर्ट की बैठक में लिया गया।

उल्लेखनीय है कि सीनियर एडवोकेट की विशेष जिम्मेदारियां और सीमाएं तय होती हैं। वे सीधे मुवक्किल से केस नहीं ले सकते, बल्कि किसी अन्य वकील के माध्यम से ही केस लड़ते हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 16 के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तीन सीनियर एडवोकेट की नियुक्ति की है। यह निर्णय 7 अगस्त को फुल कोर्ट की बैठक में लिया गया। यह छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सीनियर एडवोकेट डेजिगनेशन रूल्स, 2018 के नियम 7 और सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा जयसिंह के मामले में दिए गए आदेश के अनुपालन में किया गया है। ये हैं नए सीनियर एडवोकेट्स में अशोक कुमार वर्मा, मनोज विश्वनाथ परांजपे, सुनील ओटवानी शामिल किए गए हैं। सीनियर एडवोकेट के रूप में नामित होना प्रतिष्ठित उपलब्धि मानी जाती है। अब वे सीधे मुवक्किल से केस नहीं ले सकेंगे। बल्कि किसी अन्य वकील के माध्यम से ही मामलों की पैरवी कर सकेंगे।




# आज का सुरक्षित निवेश बनाएगा कल का बेहतर भविष्य



## सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) एक निवेश का माध्यम है



प्रवीण निगम

SIP (Systematic Investment Plan) सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान का मतलब है नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निवेश करना। यह म्यूचुअल फंड में निवेश करने का सबसे लोकप्रिय तरीका है क्योंकि इसमें आप छोटी-छोटी किस्तों से भी लंबी अवधि में बड़ा फंड बना सकते हैं।

SIP निवेश की खास बातें: 1. निवेश राशि 500 से भी शुरुआत कर सकते हैं।
2. निवेश आवृत्ति - मासिक, तिमाही या साप्ताहिक।
3. मार्केट रिस्क का औसत-अलग-अलग समय पर निवेश होने से जोखिम कम होता है।
4. कंपाउंडिंग का लाभ-रिटर्न पर भी रिटर्न मिलता है, जिससे समय के साथ पूंजी वृद्धि तेज़ी से होती है।
5. लंबी अवधि में फायदा 5-15 साल तक नियमित SIP करने से अच्छा फंड बनता है।




## श्री काली प्रॉपर्टीज लोगों के लिए बना विश्वनीयता का प्रतीक



राजा चौहान



समता शर्मा

श्री काली प्रॉपर्टीज जमीन खरीदी-बिक्री के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यही वजह है कि आज श्री काली प्रॉपर्टीज लोगों के लिए एक जाना पहचाना नाम बन चुका है। कंपनी के संचालक राजा चौहान ने बताया कि ग्राहकों के विश्वास के कारण आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

उन्होंने बताया कि हमारी संस्था सरकार द्वारा तय किए गए कानून के दायरे में रहकर कार्य करती है। ग्राहकों को प्रॉपर्टी को लेकर भविष्य में कोई परेशानी न हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है। आज 20 वर्ष हो चुके हैं इस फील्ड में कार्य करते हुए, अभी तक किसी भी ग्राहक को प्रॉपर्टी को लेकर कोई परेशानी सामने नहीं आई है।

ग्राहकों के विश्वास और भरोसे को बनाए रखना हमारी कंपनी का मूल मंत्र है, जिसे हम हर हाल में कायम रखे हुए हैं। हमारी संस्था छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में प्रॉपर्टी डिलिंग का कार्य कर रही है।




## रियल स्टेट क्षेत्र भवन निर्माण सेवाओं की गुणवत्ता के लिए शुभ स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन प्रतिबद्ध



जगदीश तिवारी



आदर्श तिवारी

विकासशील बिलासपुर शहर के रियल स्टेट क्षेत्र एवं भवन निर्माण संबंधी समस्त सेवाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए शुभ स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन पिछले 28 वर्षों से रियल स्टेट के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे संस्थान के संस्थापक जगदीश तिवारी का मानना है कि इस व्यवसाय में गुणवत्ता ही सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति की पूंजी अमूल्य होती है। उस अमूल्य पूंजी का सही जगह निवेश करना या निवेश करने की सलाह देना संस्थान की जिम्मेदारी होती है जिसके लिए हमारी संस्था पूर्ण रूप से सक्षम है।

संस्थान के सह संस्थापक आदर्श तिवारी का ऐसा मानना है कि किसी व्यक्ति की जमीन एवं भवन संबंधी सभी आवश्यकता एवं आकांक्षाओं को पूरा करने में हर संभव प्रयास करना ही हमारा कर्तव्य है। इसके लिए रजिस्ट्री संबंधित सभी कार्य, बैंक लोन संबंधित सभी कार्य, सटीक वास्तु सलाह, इंटीरियर डिजाईनिंग, रिनोवेशन सहित सभी कार्य उचित मूल्य में पूरी गुणवत्ता के साथ ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता है। इसलिए प्रतिष्ठान का सिर्फ एक ही नारा है गुणवत्ता ही हमारी विशेषता है।

श्री तिवारी ने बताया कि शहर के रियल स्टेट क्षेत्र एवं भवन निर्माण संबंधी समस्त सेवाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए शुभ स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन का पहले पायदान पर आता है। इसकी उत्तम सेवा व गुणवत्ता आज शहर में किसी पहचान की मोहताज नहीं है। हमारे द्वारा किए जा रहे कार्य लोगों को काफी पंसद आ रहे है, शायद यही कारण है कि हमे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश पहुंचे शहर कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 9. 35 को बिलासपुर न्यू सर्किट हाउस पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनका गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। श्री बघेल कल कोटा में आयोजित आदिवासी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### पाठक की पुण्यतिथि पर कल्याण कुंज में सामग्री वितरण



**बिलासपुर।** सामाजिक संस्था ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा स्व. कालिका प्रसाद पाठक की पुण्यतिथि पर कल्याण कुंज वृद्धाश्रम में जरूरत की आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा सेवा ही धर्म है का अनुसरण करते हुए समय समय पर सेवा कार्य किया जाता है। किसी का जन्मदिन, किसी का पुण्यतिथि या अन्य अवसर पर ब्राह्मण युवा आयाम के माध्यम से सेवा कार्य किया जाता है। आज उसी कड़ी में स्व.कालिका प्रसाद पाठक की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र शुभम पाठक द्वारा सामाजिक संस्था ब्राह्मण युवा आयाम के माध्यम से आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में ब्राह्मण युवा आयाम के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय, रविन्द्र उपाध्याय, शुभम पाठक, आयुष दुबे, सौरभ तिवारी,कमलेश दुबे, ऋषभ शर्मा, दिशु दुबे, क्षितिज आदि मौजूद थे।

### लोक साहित्य में लोक चेतना विषय पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** पंडित अमृतलाल दुबे जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन संस्कार भवन पुराना सरकंडा में किया गया। इसके मुख्य अतिथि शशांक शर्मा, डॉ विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता एवं चन्द्रभूषण वाजपेयी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के महाकवि कपिलनाथ कश्यप के साहित्य की प्रदर्शनी लगाई गई। भाषाविद् डॉ चितरंजन कर की अध्यक्षता में लोक साहित्य में लोक चेतना विषय राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ विवेक तिवारी के संचालन में किया गया। जिसमें विशिष्ट वक्ता डॉ विनय कुमार पाठक, डॉ विजय कुमार सिन्हा, डॉ देवधर महंत, बलदाऊ राम साहू ने अपने विचार व्यक्त किए।

### बिलासा गर्ल्स कॉलेज में सियान चेतना जागरूकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यातायात जागरूकता और सियान चेतना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा रहीं, अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अंजू तिवारी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ कावेरी दाभड़कर ने किया, संचालन रश्मि पटेल व मनीषा गुप्ता ने किया। आयोजन में डॉ. अंबुज पाण्डेय, मधुलिका सिन्हा, डॉ श्रद्धा दास, डॉ सुशीला एक्का, डॉ ऊषा सिंह, डॉ हरिणी रानी आगर, डॉ संगीता शुक्ला, सुषमा घई, मोनिका श्रीवास्तव, डॉ तृप्ति टंडन, डॉ अर्चना पाण्डेय, शैलजा गोयल ने रासेयो स्वयंसेवक और एनसीसी कैडेट्स छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा। सत्यभामा अवस्थी, अर्चना झा ने डॉ. सत्यभामा अवस्थी, शीला तिवारी, सपना हेनरी शारदा कश्यप, वीणा अग्रवाल, सबीर टुटेजा आदि एल्युमनी और सेवानिवृत्त वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया।

---

**अब होगा पेण्ड्रा से बिलासपुर के बीच काम** | **यात्रियों को भी ट्रेनों की लेट लतीफी की परेशानी से मिलेगा छुटकारा**

# जल्द दौड़ेंगी बिलासपुर से पेण्ड्रा सेक्शन की तीसरी लाइन पर ट्रेनें

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के पेण्ड्रा से कटनी मुड़वारा के बाद अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच तीसरी लाइन का कार्य जल्द ही किया जाएगा, जिसके लिए 2000 करोड़ रुपए सेंक्शन किए गए हैं। इस लाइन के बनने के बाद यात्रियों को भी ट्रेनों की लेट लतीफी की परेशानी से छुटकारा मिल सकेगा।

दपूमरे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन का कार्य क्षमता आवर्धन के दृष्टिगत किया गया। इसमें मध्यप्रदेश राज्य में रेल नेटवर्क को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है। पिछले कई वर्षों से



लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। नई तीसरी रेल लाइन के बनने से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। कटनी सेक्शन के बीच बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है। पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा तक तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन वर्तमान में बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है। इन दोनों स्टेशन के बीच अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही है, जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटो नियंत्रित करना पड़ रहा है। यात्रियों को होने वाली परेशानी और ट्रेनों के समय पर परिचालन करने को लेकर अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी सेंक्शन हो गया है, जिसकी लागत करीब 2 हजार करोड़ रुपए है।

### स्टापेज दिए जाने वाले स्टेशन

वर्तमान में चल रही बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस का पहले बिलासपुर-रींवा पैसेंजर बनकर परिचालन किया जा रहा था। यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद उसलापुर, करगीरोड, घुटकू, सल्कारोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, भनवारटंक, खोडरी, सारबहरा, पेण्ड्रारोड, वेंकटनगर, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार, छादा, शहडोल, बिरसिंहपुर, उमरिया, चंदिया रोड, कटनी जंक्शन, अमदारा, मैहर, उछेरा, सतना जंक्शन, तुरकी रोड होकर रींवा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर पहुंचती है। दो साल से बिलासपुर-रींवा पैसेंजर को एक्सप्रेस बनाकर चलाना शुरु कर दिया है। बिलासपुर से एक्सप्रेस बनकर इंदौर की ओर नर्मदा एक्सप्रेस सुबह 11.15 बजे रवाना होती है, लेकिन एक्सप्रेस की बजाय लोकल की तरह ट्रेन का स्टापेज उसलापुर, घुटकू, करगीरोड, बेलगहना, खोंगसरा, पेण्ड्रारोड, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार सहित अन्य छोटे स्टेशन में किया जा रहा है।

### समय में किया जाएगा सुधार

बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच वर्तमान में दो लाइन है, जिसमें तीसरी लाइन का कार्य भी किया जाना है। इसके अलावा दोनों स्टेशन के बीच घंटो लेट पहुंचने वाली यात्री ट्रेनों के संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर समय में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

---

**डीजे ताशा धुमाल की धुन पर आदिवासी वेशभूषा पर किया गया नृत्य, पदाधिकारियों का सम्मान**

# विश्व आदिवासी दिवस पर निकली शोभायात्रा समाज की एकजुटता पर दिया गया जोर



शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली गई रैली में शामिल लोग।



रैली के दौरान आकर्षक पोशाक में बाजे-गाजे के साथ निकले आदिवासी समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को सर्व आदिवासी समाज द्वारा रैली - संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे समस्त जिला, संभाग एवं समूचे ब्लॉक से लगभग 8 से 10 हजार की संख्या में मातृ शक्ति, पितृ शक्ति युवा व समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। समस्त समाज जन कार्यक्रम में आज आदिवासी पारम्परिक वेशभूषा में नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान समाजिक बच्चों ने डीजे ताशा धुमाल की धुन पर आदिवासी वेशभूषा - नृत्य करते हुए जरहाभाठा छात्रावास से प्रारम्भ होकर मगरपारा, अग्रसेन चौक, अम्बेडकर चौक, सिम्स चौक, देवकीनंदन चौक, नेहरू चौक से सरकण्डा महामाया चौक से होते हुए गोंडवाना भवन अशोक नगर पहुंचकर महासभा संगोष्ठी कार्यक्रम में बदल गई। कार्यक्रम में बस्तर के भगवान आंगा देव प्रमुख विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जो पूजा अर्चना पश्चात पूरे शहर का भ्रमण कर शहरवाशियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान करते हुए कार्यक्रम पश्चात अपने निवास स्थान को प्रस्थान किया। इस आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सहित जिला के सामाजिक संगठन के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला संरक्षक प्रमुख - पी. सिंह पट्टा, सुभाष सिंह परते,गणेश प्रधान, आयुष सिंह राज, डॉ, संतोष उद्देश ,युवराज प्रधान, शिव नारायण चेचाम, एस. आर. नेताम, राजीव ध्रुव, देव सिंह पोर्ते, सूरज मरकाम, रामचंद्र ध्रुव, देव मार्को, भरत मार्को, इजी. राजेश जगत, रघुराज मरकाम,रिखी लाल नेताम, भोला देव, प्रेम सागर मरकाम, सूरज मरकाम , मनोज मरावी, अजय प्रधान, राजेश नेताम, अमृत मरावी, चरण सिंह राज, भगीरथी ध्रुव, अविनाश ध्रुव, अनिल ध्रुव, अनिल मरावी,राजेंद्र पोर्ते, बबलू ध्रुव, अंकित नेताम , विवेक ध्रुव, विनोद ध्रुव, शुभम मरावी की पूरी संगठन टीम का विशेष प्रमुख सहयोग रहा। ब्लॉक प्रमुख मनोहर सिंह राज , भूपेंद्र मरकाम, महासिंह नेताम, विजय ध्रुव, बलराम पोर्ते, माखन लाल नेताम के योगदान रहा। कार्यक्रम में सुभाष सिंह परते ने शांति सदभाव अपनाने, जल जंगल जमीन बचाने अपील की।

### आदिवासी जीवन शैली ही विश्व को बचा सकती है: अमर

आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने कहा की विश्व को अगर कोई बचा सकता है तो आदिवासी जीवन शैली ही बचा सकती है उन्होंने आदिवासियों के साथ हर पल मे खड़ा रहने साथ देने की बात कही है। गोंडवाना भवन बिलासपुर के विकास के लिए 25 लाख रुपए देने की बात कही। आज के आयोजन की सफलता के लिए प्रदेश सचिव आयुष सिंह राज ने आभार व्यक्त किया।

---

**एसईसीएल: 49 वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक**




# प्रशिक्षण व्यवस्था को सशक्त बनाने एक्शन प्लान तैयार

**बिलासपुर।** एसईसीएल बिलासपुर में 8 अगस्त को खान सुरक्षा महानिदेशालय, पश्चिमी अंचल नागपुर एवं उसके रायगढ़ क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र-1 एवं क्षेत्र-2, तथा उत्तरी अंचल गाजियाबाद एवं उसके जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में 49वीं त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन ने की। बैठक में एसईसीएल निदेशक, एन. फ्रेंकलिन जयकुमार, बिरंची दास और निदेशक डी. सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने सभी सदस्यों को सुरक्षा शपथ दिलाई। बैठक में खान सुरक्षा से जुड़े विभिन्न आंकड़ों और कंपनी के सुरक्षा प्रयासों पर चर्चा की गई। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के अनुपालन, नवीनतम सुरक्षा तकनीकों और डिजिटाइजेशन के उपयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में एसईसीएल प्रबंधन ने कहा कि खान सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा प्रणाली को और दुरुस्त बनाने के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक अध्ययन के अनुशंसाओं के अनुरूप कार्य प्रणाली लागू करने, सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा प्रशिक्षण व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किए गए। खान सुरक्षा समिति की बैठक में खान सुरक्षा महानिदेशालय से उप महानिदेशक, पश्चिमी अंचल, नागपुर रामावतार मीना, उप महानिदेशक, उत्तरी अंचल, गाजियाबाद नीरज कुमार, निदेशक खान सुरक्षा, रायगढ़ क्षेत्र बी. बी. सटीयार, निदेशक खनन, पश्चिमी अंचल, नागपुर आफताब अहमद, निदेशक खान सुरक्षा, बिलासपुर क्षेत्र-I श्री एम. के. सिन्हा, निदेशक खान सुरक्षा, बिलासपुर क्षेत्र-II आर. के. सिंह, निदेशक विद्युत, पश्चिमी अंचल, नागपुर श्री टी. श्रीनिवास, निदेशक विद्युत, पश्चिमी अंचल, नागपुर आनंद अग्रवाल, निदेशक विद्युत, उत्तरी अंचल, गाजियाबाद बी. बेहेरा, निदेशक यांत्रिकी, पश्चिमी अंचल, नागपुर पंकज जैन, निदेशक यांत्रिकी, पश्चिमी अंचल, नागपुर रूपेश कुमार श्रीवास्तव, निदेशक खान सुरक्षा, रायगढ़ क्षेत्र एस. चिर्रा, निदेशक खान सुरक्षा, जबलपुर क्षेत्र शेख गुलाब (वीसी द्वारा), उप-निदेशक विद्युत, पश्चिमी अंचल, नागपुर गौरव लढहा, उप-निदेशक यांत्रिकी, पश्चिमी अंचल, नागपुर विजय एच. पाटील तथा उप-निदेशक यांत्रिकी, उत्तरी अंचल, गाजियाबाद उमेश कुमार साहू शामिल हुए।

---

# तहसील में पीआरएस खोलने नहीं मिली जगह

**बिलासपुर।** तहसील कार्यालय में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है। इसमें बड़ी घटना होनें की आशंका को देखते हुए रेल प्रशासन जिला प्रशासन को मरम्मत कराने या दूसरे स्थान पर भवन देने के लिए पत्र लिखा था। पत्र लिखने के बाद भी भवन का मरम्मत नहीं हो पाया और न ही अब तक पीआरएस ओपन करने के लिए नई जगह रेलवे को नहीं मिल पाई है। इसके कारण यात्री काफी परेशान हो रहे हैं।

शहर के बीच में आरक्षण कार्यालय की सुविधा देने के लिए रेल प्रशासन ने वर्ष 2005 में नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय के भवन में आरक्षण कार्यालय की सुविधा शुरु की थी। वर्षों से संचालित होने वाले तहसील कार्यालय के आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग भी काफी जर्जर होने से बैठे स्टाफ के साथ




कभी भी दुर्घटना होने का खतरा मंडरा रहा था। यहां दीवारों के प्लास्टर सीपेज के कारण उखड़ने के अलावा शौचालय की हालत भी बदतर हो चुकी थी। स्टाफ ने इसकी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी थी। स्टाफ की सुरक्षा को देखते हुए रेल अफसरों ने बिल्डिंग मरम्मत करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा था। जिला प्रशासन को बार-बार पत्र लिखने के बाद भी मरम्मत कार्य और दूसरे स्थान पर शिफ्टिंग के लिए किसी तरह की कोई पहल नहीं किए जाने के कारण रेल प्रशासन ने तहसील के पीआरएस कार्यालय को बंद तो कर दिया, लेकिन अभी भी जनप्रतिनिधियों और लोगों की मांग करने के बाद रेल अफसर जिला प्रशासन की ओर से नई जगह दिए जाने की आस में बैठे हैं।

### नहीं मिली कोई नई जगह

तहसील कार्यालय में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय की बिल्डिंग जर्जर के कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसे मरम्मत कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया था, जिसमें नए कार्यालय की मांग भी शामिल थी। जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई भी नई जगह उपलब्ध नहीं कराई गई है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर




---

**केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को दिया भरोसा**

# हवाई सुविधा में विस्तार का मुद्दा पूरे जोर से उठाएंगे: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने 9 अगस्त को बिलासपुर सांसद एवं केंदीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात की। उनसे हवाई सुविधा विकास में आड़े आ रही विभिन्न बाधाओं को दूर कराने का आग्रह किया।

मुलाकात के दौरान समिति ने सेना से भूमि हस्तांतरण, 4 सी एयरपोर्ट के लिए आवश्यक धन राशि की केंद्र से अनुदान और एलाइंस एयर के अलावा अन्य एयरलाइन कंपनियों से बिलासपुर में ऑपरेशन शुरू कराने की मांग रखी। श्री तोखन ने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के संबंधित विभागों के सामने बिलासपुर एयरपोर्ट और हवाई सुविधा विस्तार का मुद्दा पूरे ताकत से उठाने की बात कही। समिति ने मंत्री को दिए ज्ञापन में कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ राज्य का दूसरा



प्रमुख शहर है। राज्य का हाईकोर्ट यहां स्थापित है और केंद्र सरकार के कई बड़े उपक्रम बिलासपुर ही है। छत्तीसगढ़ राज जिसका क्षेत्रफल तमिलनाडु से भी बड़ा है केवल एक 4 सी एयरपोर्ट रायपुर के भरोसे चलाया जा रहा है, जबकि तमिलनाडु में 6 बड़े एयरपोर्ट हैं। बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार के लिए मांग लंबे समय से चल रही है। केंद्र सरकार से हमारी अपेक्षा है कि वे बिलासपुर एयरपोर्ट के चारों तरफ स्थित 1012 एकड़ जमीन जो रक्षा मंत्रालय ने आर्मी के ट्रेनिंग सेंटर के लिए अधिग्रहित की थी। उस भूमि को बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए राज्य सरकार को वापस किया जाए। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय के द्वारा 290 एकड़ के बदले में 71 करोड रुपए की राशि राज्य सरकार से मांगी गई है जो राज्य सरकार को अपने गणना के अनुसार बहुत अधिक लग रही है। इस विवाद में यह भूमि हस्तांतरण लंबे समय से रुका हुआ है। राज्य और केंद्र सरकार के बीच राशि के संबंध में स्थित इस बाधा को दूर करने के लिए रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के साथ एक संयुक्त बैठक कर इस मसले को हल कराएं। यह भूमि बिलासपुर एयरपोर्ट को हस्तांतरित हो जाएगी उसके बाद बिलासपुर एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट पर बदलने के लिए रनवे की लंबाई वर्तमान 1500 मीटर और चौड़ाई 30 मीटर से बढ़ाकर काम से कम 2200 मीटर लंबाई और 45 मीटर चौड़ाई करना जरूरी होगा। श्री साहू से मुलाकात के समय राकेश तिवारी और ऋषि केसरी, रवि बनर्जी, अशोक भंडारी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, बद्री यादव, समीर अहमद बबला, प्रतीक तिवारी, संतोष पीपलवा, सनी केसरी और सुदीप श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

अंचल में उत्साह और उमंग के साथ मना भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

# भाइयों के माथे पर सजा अक्षत-कुमकुम बहनों ने राखी बांधकर मांगा रक्षा का वचन

**मुंगेली।** अंचल में रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को उत्साह से मनाया गया। बहनें सजधज कर अपने भाइयों को अक्षत कुमकुम का तिलक लगाकर प्रेम के साथ कलाई में रक्षासूत्र बांधा। रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर यात्री गाड़ियों में भीड़ नजर आई। बाजार में चहल पहल रही। विशेषकर मिठाई की दुकानों की लोग अपनी पसंद का मिष्ठान खरीदते नजर आए।

भाई बहनों के पवित्र प्रेम का त्यौहार श्रावणी पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षा बंधन पर्व 9 अगस्त शनिवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया। आज के दिन मां लक्ष्मी राजा बलि को भाई मानकर राखी बांधी है। पर्व पर बहनें सुबह से तैयार होकर अपने भाइयों को अक्षत कुमकुम का तिलक लगाकर प्रेम के



भाइयों को राखी बांधती बहन।

साथ कलाई में रक्षासूत्र बांधती रही। बहन अपने भाई के यहां तो कई जगहों पर भाई अपने बहनों के यहां पहुंचकर इस पवित्र त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। भाई भी बहनों की रक्षा एवं सम्मान के लिए संकल्पित होकर शुभकामनाओं के साथ उन्हें उपहार दिये। यह प्रेम, सौहार्द्र का उज्जवल दर्शन है। कच्चे सूत के भीतर छिपा हुआ पवित्र भाव त्याग और समर्पण का अभिष्ट सूचक है। सुबह बसो एवं मोटर सायकल से भाई बहन एक दूसरे का घर आकर रक्षा बंधन का पर्व मनाते रहे। त्यौहार की पूर्व संध्या पर दिन भर बाजार में राखी एवं मिष्ठान खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। ब्राम्हणों तथा बहन से बंधन कराने से कल्याणकारी बहन भैया के लिए मंगल

बोदरी



जरहागांव



करगीरोड कोटा



लोरमी



मोपका



पथरिया



## ब्रह्माकुमारीज विवि में मनाया गया रक्षाबंधन

**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।। सेवा केंद्र प्रभारी ममता दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहन भाई को जो तिलक लगाती है, वास्तव में यह तिलक आत्मा की ज्योति स्वरूप का प्रतीक है। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि भाई-बहन का रिश्ता सबसे पवित्र और अनोखा होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ मदन सिंह हुरा, कुलवंत सिंह, सतीश कश्यप, नूरीता कश्यप, अमित मंदानी, कविता मंदानी, राजू सिंह बग्गा, घनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े, देवचरण यादव, गौरी देवांगन, प्रीति हुरा, अनुपमा पाण्डेय, रानी देवांगन, मंजीत सिंह आदि मौजूद थे।




## पुलिस के जवानों को छात्राओं ने बांधी राखी

**सीपत।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर इस बार सीपत थाने का माहौल कुछ अलग और भावुकतापूर्ण रहा। स्कूली छात्राओं ने शनिवार को सीपत थाने में पुलिस जवानों को राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने शगुन के रूप में रुपए की जगह देश की सुरक्षा और जनसेवा का वचन मांगा। छात्राओं ने जवानों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने छात्राओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, यह देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का भी पर्व है।



## बीके बहनों ने कलेक्टर कुमार को बांधी राखी

**करही/मुंगेली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संचालिका बीके सीमा बहन ने रक्षाबंधन के अवसर पर कलेक्टर कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल से उनके निवास पर मुलाकात कर रक्षाबंधन बांधते हुए ईश्वरीय संदेश दिया। इस अवसर पर अशोक सोनी एवं राधे सोनी उपस्थित रहे।



## तोखन ने जनजातीय बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**बिलासपुर।** केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद तोखन साहू ने करका गांव में जनजातीय बहनों के साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बहनों की कलाई पर राखी बंधवाई। रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के वचन का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री साहू ने बहनों से कहा कि आपके सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की चिंता आपका भाई मोदी कर रहा है। उन्होंने उपस्थित बहनों को मोदी सरकार की उन प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। जो महिलाओं को सशक्त बनाने, अधिकार देने और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं के हित में लागू योजनाओं ने महिलाओं को स्वामित्व, अधिकार, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन पहलों से देश की नारी शक्ति को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम साव को बांधी राखी



**लोरमी।** लोरमी क्षेत्रीय विधायक एवं डिप्टी सीएम अरुण क्षेत्र के दौरे पर थे, इसी दौरान विधायक कार्यालय में क्षेत्र की भाजपा महिला कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने अरुण साव को राखी बांधकर उनसे रक्षा का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र बांधने पर भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं, तो इस बार रक्षाबंधन पर हर भाई अपनी बहन से प्रतिज्ञा करे कि मेरी बहन आज से मैं तुम्हारी तरह हर बहन की लाज की रक्षा करूंगा। नशा नहीं करूंगा, हर बहन बेटी का मान रखूंगा। यह पावन पर्व हमें संदेश देता है कि, मनुष्य को व्यसन, बुराइयों, नकारात्मक विचारों, भावनाओं से खुद की रक्षा करने की जरूरत है।इस अवसर पर जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, जिपं सदस्य रत्ना काठले, अनीता साहू, समुन्द सिंद्राम, जपं सदस्य सफुरा भार्गव, सरस्वती राजपूत, मंडल महामंत्री सावित्री राजपूत, भाजपा कार्यकर्ता सीमा यादव, अमरीका साहू , पूर्णिमा अहिरवार, सबनम, नीलू सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने कौशिक को बांधी राखी



**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी दीदियों ने भाई बहन के पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक को राखी बांधी और उनकी दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना की। इस मौके पर श्री कौशिक ने भी ब्रह्मकुमारियों दीदियों से आशीर्वाद ग्रहण किया। ब्रह्मकुमारी बहनों का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक एकता और सामाजिक मूल्यों की गहराई को दर्शाने वाला अनुपम उत्सव है। उन्होंने कहा कि रक्षा-सूत्र में निहित शुभकामनाएं उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारियों का मिशन राष्ट्र की संस्कृति के लिए मील का पत्थर है। ब्रह्माकुमारियों का मिशन समाज को कई दशकों से जोड़ने का काम वे अपने कार्य सहयोगियों को देख रहे हैं और हमेशा उनका आशीर्वाद मिलता रहता है। समाज को ये बहनें जोड़ रही हैं जो संस्कृति एकजुट हो रही हैं उसे पूरे देश में दुख की बातें बताई जाती हैं।

## आदिवासी परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर: धर्मजीत



**तखतपुर।** विश्व आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन के पावन अवसर पर तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह ने भाई-बहन के अटूट स्नेह की मिसाल पेश की। वे आज ग्राम खजुरी में आदिवासी बहनों से राखी बंधवाने के लिए पहुंचे। उन्होंने सभी बहनों से राखी बंधवा कर उन्हें उपहार भेंट किया और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया, इस मौके पर पूरा गांव उत्सव के रंग में रंगा हुआ था। इस दौरान धर्मजीत सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं और संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर पूर्व जिपं सदस्य संतोष कौशिक, जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिपं सदस्य अंबिका साहू, विशाल सिंह, जनपद सदस्य कविता महेश यादव, रामकुमार सिंगरौल, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, सरपंच राधा अविनाश वर्मा, श्यामता कौशिक, बंशी पाड़े, श्रवण मरकाम, डॉ प्रवीण तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध रेत खनन करते 2 ट्रैक्टर जब्त, वनक्षेत्र में हुई कार्रवाई



**लोरमी।** वनपरिक्षेत्र पूर्व भारतपुर संरक्षित वनक्षेत्र के नाले से रेत अवैध रूप से रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने दो ट्रेक्टर जब्त कर लिया। वनपरिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर ने बताया कि शुक्रवार को शाम 4 बजे ग्रामीणों से सूचना प्राप्त हई कि, ग्राम भारतपुर से बीट के कक्ष क्रमांक 557 आरएफ में कुछ ट्रेक्टर के माध्यम से रेत खनन की जा रही है। इस पर वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची और आरोपी रामाधार पिता राम रामप्रसाद राजपूत एवं अनिल पिता बैसाखू राजपूत निवासी ग्राम भरतपुर को संरक्षित क्षेत्र में अवैध रूप से रेत खनन करते पाया। मामले पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने परिवहन में उपयुक्त 2 ट्रैक्टर 333 एवं 742 को जप्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर राजसात की गई।

## डीएवी गोढ़ी में रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया उत्साह



**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में टाटा बिल्ड इंडिया की ओर से छात्रों के रचनात्मक कौशल की परख हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 'आत्म निर्भर भारत' शीर्षक पर छात्रों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में अपनी अभिव्यक्ति के लिए अंग्रेजी भाषा को माध्यम बनाया। विजेता छात्रों में मुस्कान वर्मा, माधवी साहू, विशुदत्त कौशिक, लावन्या सन्नाड,खुशी कौशिक और नव्या रात्रे शामिल रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही भाषा शिक्षिका शांता शर्मा एवं आयोजक शिक्षक आशीष सोनी को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने कहा कि आपकी रचनात्मकता, सोच और प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही। यह उपलब्धि आपके परिश्रम और प्रतिभा का प्रमाण है, इसी तरह आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें।

# स्थापना दिवस पर कांग्रेस की आगामी रणनीतियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने देश के उज्ज्वल भविष्य और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए शपथ ली तथा युवाओं में जागरूकता का संदेश दिया।

युवा कांग्रेस ने संकल्प लिया कि जोश, जुनून और सामाजिक बदलाव के प्रति समर्पण के साथ देश के युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा और अपने अधिकारों के लिए तानाशाही नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया ने कहा कि



"एक समावेशी, प्रगतिशील और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण के लिए हमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना है।" प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार इस आयोजन में जिला इकाई ने संगठनात्मक मजबूती, सदस्यता विस्तार अभियान और जन–जन तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने के लिए आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में अभिलाष सिंह, इमरान खोखर, पोखराज बंजारा, असद खोखर, नानू ठाकुर, मंजीत रात्रे, भारत रत्न मंडेला, आयुष ठाकुर, योगेश्वर, नामदेव, चन्दन टंडन, सूरज सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम में शामिल हुई हर्षिता




कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेत्री हर्षिता पांडेय।

**मुंगेली।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ। एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय द्वारा कार्यक्रम से संबंधित समग्र मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, कार्यक्रम के संयोजक शैलेश पाठक, सहसंयोजक गुरमीत सलूजा, वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका प्रसाद जायसवाल, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, जिला पंचायत सदस्य, सभी 11 मण्डल के अध्यक्ष निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल मल्हार की कार्य समिति की बैठक

**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश तथा जिला बिलासपुर ग्रामीण के निर्देशानुसार भाजपा मंडल मल्हार की कार्य समिति की कामकाजी बैठक देउर मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक के मुख्य वक्ता नवनियुक्त जिला महामंत्री एस कुमार मनहर रहे।

बैठक की प्रस्तावना रखते हुए मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। मुख्य वक्ता एस कुमार मनहर ने कहा कि तिरंगा यात्रा किसी एक पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत के प्रत्येक व्यक्ति की देशभक्ति से जुड़ी भावनात्मक यात्रा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले तथा



प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा शान से लहराए। बैठक के बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देउर मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री राजकुमार वर्मा ने तथा आभार व्यक्त महामंत्री रोहित कश्यप ने किया। इस अवसर पर जिला मंत्री राजकुमार साहू, सरोजिनी भारद्वाज, मंडल उपाध्यक्ष ब्यासनारायण पटेल, शांति शांडिल्य, मंडल कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, संयोजक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद मिलु कैवर्त, आशुतोष वर्मा, रामफल कांत, गीता कवर्त, मिथुन यादव, प्रमोद, शमशेर सिंह, राजेश यादव, मनालाल टंडन, देवेंद्र जायसवाल, अजीत सिंह, माना लाल, नरेंद्र शांडिल्य, रामकुमार पटेल, झंडी साहू, दीपक गुप्ता, बालमुकुंद वैष्णव, शत्रुहन यादव, भुवन यादव, सुरेश बंजारे, नागेंद्र शर्मा सहित मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निधन

### महेंद्र यादव

**बिलासपुर।** चोरभट्ठी कला निवासी महेंद्र यादव का शनिवार को निधन हो गया। वे 33 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय ग्राम चोरभट्ठी में किया गया है। वे स्वर्गीय नाना यादव के पुत्र थे एवं उमेश यादव के भाई थे ।



## अब किसी भी जर्जर भवन में नहीं होगी बच्चों की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

- बरदुली स्कूल की घटना के बाद कलेक्टर एक्शन में
- शिक्षा विभाग के अफसरों की बैठक लेकर दिए निर्देश

जिले के बरदुली स्थित प्राथमिक शाला में छत का प्लास्टर गिरने की घटना के संदर्भ में कलेक्टर कुन्दन कुमार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने एनआईसी कक्ष में वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम सहित शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा हमारी पहली जिम्मेदारी है, किसी भी जर्जर भवन में पढ़ाई नहीं होगी।

उन्होंने आंगनबाड़ी,



शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

छात्रवास और सभी स्कूल भवनों की सघन जांच के आदेश दिए। भवनों की मजबूती, मरम्मत और सुविधाओं की उपलब्धता की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने चेताया यदि निरीक्षण में जरा भी लापरवाही मिली, तो जिम्मेदार अधिकारी पर तुरंत सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने सूचना तंत्र को मजबूत बनाने और किसी भी खतरे की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाने के लिए पारदर्शी रिपोर्टिंग सिस्टम लागू करने पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एनआईसी कक्ष में मौजूद रहे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब–121/2024–25
ग्राम झझपुरीखुर्द प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम झझपुरीखुर्द वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका/ श्री/ श्रीमती/ कु. त्रिजुगी साहू पिता/ पति स्व. बेद राम जाति तेली निवासी ग्राम झझपुरीखुर्द तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व. बेदराम के जन्म/ मृत्यु दिनांक 05.09.2016 को ग्राम पंचायत झझपुरीखुर्द मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 14.08.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

9- AUG- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 8/8/2025 1:46 PM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 10 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




पर्व

## छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार भोजली आज, गूजेंगे गीत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार भोजली रविवार 10 अगस्त को मनाया जाएगा। भोजली का मुख्य कार्यक्रम तोरवा में विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में आयोजित होगा। पचरीघाट जूना बिलासपुर, अरपा, जोरा तालाब में भी शहर के कई स्थानों से महिलाएं भोजली लेकर विसर्जित करेंगी। भोजली पर्व मित्रता और



अच्छी फसल की कामना के साथ रक्षाबंधन के बाद मनाया जाता है। इसमें गेहूं या जौ के पौधों को टोकरी में उगाकर पूजा की जाती है और फिर नदी या तालाब में विसर्जित किया जाता है। यह त्यौहार एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उत्सव है। इसमें नागपंचमी के दिन बांस की टोकरी में मिट्टी डालकर गेहूं या जौ के बीज बोए जाते हैं। इन पौधों को भोजली कहा जाता है और इसकी नौ दिनों तक पूजा की जाती है। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा भोजली गीत गाकर उसकी सेवा की जाती है। भोजली का अच्छा होना अच्छी फसल का संकेत माना जाता है।

**मितानीन बदने की परंपरा :** विसर्जन के समय महिलाओं, युवतियों द्वारा एक-दूसरे के कानों में भोजली लगाकर मितानीन बदने की भी परंपरा है। वहीं पूरे विसर्जन के दौरान भोजली गीतों की गूंज होती रहेगी।

पहल

## राम बिहारी को मिली ट्राई साइकिल शोभा टाह फाउंडेशन की पहल



**बिलासपुर।** रक्षाबंधन पर्व निहायत जरूरतमंद दिव्यांग राम बिहारी दुबे पिता बद्री प्रसाद दुबे उरतुम लकरा के लिए खुशियों का अवसर लेकर आया। निगम परिसर का बरामदा ही उसका आशियाना है। राहगीरों से मिलने वाले खान-पान के सामानों से वह अपना जीविका चलाता है। उसे ट्राई साइकिल का सहारा मिलने से उनके चेहरे में मुस्कान बिखर गई। उन्हें यह सहयोग अनिल टाह संचालक शोभा टाह फाउंडेशन ने मुंगेली नाका डीएसएस काम्प्लेक्स के सामने प्रदान किया। इस अवसर पर अनिल टाह, संजय वर्मा, कमल जैन, भुवन वर्मा, पंकज खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, श्रीराम यादव, अजय गंभीर, पंकज, विनय, आकाश सहित शोभा टाह फाउंडेशन एवं हरिहर ऑक्सीजोन के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

आयोजन

## शिविर समाज को जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



**बिलासपुर।** आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में चतुर्वेदी कांप्लेक्स दयालबंद में निःशुल्क नेत्र, रक्तचाप एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ संदीप तिवारी सहित अन्य विशेषज्ञों ने सेवाएं दी। महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री व प्रदेश प्रभारी रेखेन्द्र तिवारी व अन्य पदाधिकारियों ने डॉ तिवारी, डॉ अंजू लता को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प देकर उनका अभिनंदन किया। डॉ तिवारी ने मधुमेह एवं मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से आंखों पर होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेंन्द्र तिवारी ने कहा कि यह शिविर न केवल हमारे शरीर के स्वास्थ्य के लिए बल्कि पूरे समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित, उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला, सुदेश दुबे साथी, डॉ शोभा त्रिपाठी, दिव्या चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, श्याम सुंदर, प्रभा तिवारी ने भी अपने विचार रखें। आभार प्रदर्शन शलभ चतुर्वेदी ने किया।

धर्म-क्षेत्र

## संगीतमय रामायण पाठ का समापन मानस महिला मंडल का आयोजन



**बिलासपुर।** मानस महिला मंडल नेहरूनगर की महिलाओं द्वारा मानस भवन में आयोजित संगीतमय रामायण पाठ का हवन-पूजन के साथ समापन हुआ। जिसमें मानस महिला मंडल की बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। उल्लेखनीय है कि मानस महिला मंडल द्वारा विगत पच्चीस वर्षों से प्रतिवर्ष श्रावण मास में संध्या संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया जाता रहा है। आयोजन का यह 26 वां वर्ष रहा।

# उत्साह से मनाया गया भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

**बिलासपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शहर में उत्साह से मनाया गया। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। भाईयों ने उनकी रक्षा का वचन देकर गिफ्ट प्रदान किया। हिन्दू धर्म में रक्षाबंधन का विशेष महत्व है। भाई की कलाई में बंधा रक्षा सूत्र मात्र एक धागा नहीं, बल्कि बहन-भाई के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा की शक्ति का प्रतीक है। इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा और पंचक का साया नहीं रहा और 100 साल बाद एक दुर्लभ योग भी बना रहा। पर्व के चलते शहर में दिन भर हलचल होती रही। चौक-चौराहों में निरंतर जाम लगता रहा। वहीं सामाजिक संगठनों ने विविध आयोजन किए।







## राजयोग भवन में मना रक्षाबंधन विधायक, सीएमडी हुए शामिल



टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग स्थित ब्रम्हाकुमारीज राजयोग भवन में केंद्र की मुख्य संचालिका बीके स्वाती दीदी के सानिध्य में रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर विधायक अमर अग्रवाल, एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन, डॉ ओम माखीजा, अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर डॉ किरण पाल चावला, प्रयास एकेडमी के डॉ सचिन यादव सहित अन्य भाई-बहनों को राखी बांधी गई। अतिथियों को सौगात भेंट की गई। इस मौके पर बीके संतोषी बहन सहित अन्य बीके भाई-बहन उपस्थित थे।

## भगवान श्याम का राखी से विशेष श्रृंगार



घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में रक्षाबंधन की धूम रही। पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्याम का राखी से विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई।

## बीके परिवार के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व



शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में मंजू दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन पवित्रता के बंधन में बंधने का पर्व है। स्वयं परमात्मा कलयुग के अंत में इस धरती पर आकर विकारों से मुक्त रहने की शिक्षा देंगे। इसी पवित्रता रूपी रक्षाबंधन को अपना कर भारत में राम राज्य की स्थापना होगी और भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा। अंत में सभी भाई-बहनों को ब्रह्माकुमारी रुपा बहन, ज्ञाना बहन, समीक्षा बहन व शशि बहन ने रक्षा सूत्र बांधा।

## एक राखी गुरु के नाम स्पर्धा में श्रुति प्रथम










चातुर्मास पर आयोजित तीन दिवसीय रक्षाबंधन विधान के समापन पर सरकंडा जैन मंदिर में पूज्य आर्यिका श्री 105 अनर्घमति माता ने बेटियों को अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बेटियों को सच्चाई और नैतिकता के मार्ग पर चलने और अपने परिवार की मर्यादा को बरकरार रखने को कहा। माताजी ने कहा कि राखी का त्योहार भाई-बहन के प्यार और स्नेह का प्रतीक है। यह त्योहार हमें अपने रिश्तों को मजबूत बनाने और एक-दूसरे के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की बात याद दिलाता है। शनिवार को चौका का लाभ निमिषा राहुल, स्वदेश, वीरेंद्र, आहार शाला में मंजू राजीव, सपना सोमेश जैन परिवार को मिला। वहीं रक्षाबंधन विधान के अंतिम दिन एक राखी गुरु के नाम राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समाज की महिलाओं व कन्याओं ने मिलकर सुंदर-सुंदर राखी की सजावट की। जिसे शनिवार को सरकंडा स्थित जैन मंदिर में माताजी एवं समाज के वरिष्ठजनों के सामने लाई गई। राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम डॉ श्रुति सुप्रीत जैन, द्वितीय नलिनी रजनीश जैन, तृतीय अनी व प्रीति आशीष जैन रही। सांत्वना पुरस्कार देशना व पिंकी जैन को मिला। इस अवसर पर सकल जैन समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## जेल में भाइयों को राखी बांधने वाली बहनों को गिफ्ट में मिले पौधे



रक्षाबंधन पर्व मनाने शनिवार को केंद्रीय जेल में बंद कैदियों को रक्षा सूत्र बांधने बहनों का हुजूम उमड़ पड़ा था। बारी बारी से बहनें जेल के अंदर आकर कैदी भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधती रहीं। सुबह से शाम तक 1350 कैदियों को 3 हजार 812 बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा है। राखी बांधने वाली बहनों को गिफ्ट में पौधे भेंट किए गए।

### 4 हजार बहनें पहुंची, खुशी के साथ गम के आंसू...





एक दिन पहले शुक्रवार से जेल परिसर में बेरकेट लगाकर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर लिया गया था। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल का सहयोग लिया गया था। 9 अगस्त की सुबह जेल परिसर में जेल में बंद कैदी भाइयों को रक्षा सूत्र बांधने के लिए भीड़ एकत्रित होने लगी। बारी बारी से बहनों को जेल के अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। जेल के अंदर आंसुओं के बीच बहनें कैदी भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर पुरानी यादें ताजा कर रही थीं। अपने बच्चों को गला लगाकर कैदियों के आंसू छलक जा रहे थे। सुबह से शाम तक 1350 कैदियों को 3 हजार 812 बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। वहीं जेल मे बंद 56 महिला बंदियों ने 161 भाइयों के कलाई में रक्षा सूत्र बांधा है।

## पीताम्बरा पीठ में महायज्ञ की पूर्णाहुति



**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव एवं श्रावण मास में चल रहे महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ की शनिवार को पूर्णाहुति हुई।

पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि 11:36 से 12:36 के अभिजीत मुहूर्त में रक्षाबंधन का आयोजन किया गया। वहीं अनमोल झा द्वारा गाए गए शिव तांडव स्तुति के ऑडियो का विमोचन पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज एवं नारायण नामदेव सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया। इस अवसर पर दिलीप शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, धीरज वानखेड़े अधिवक्ता, पुरनेन्दु भट्ट शिक्षाविद्, अनमोल झा, जगदानंद झा, नितेश सिंह तोमर सदस्य जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र, ब्रह्मचारी मधुसूदन पांडेय, डॉ. अंकित पांडेय, अधिवक्ता अपराजिता पांडेय, लक्ष्मी देवी पांडेय, केसरी नंदन पांडेय, गौरी पांडेय,अमिता दीपेश पांडेय उपस्थित रहे।

## सावन उत्सव में 5 को मिला सावन सुंदरी का खिताब

### स्वर्णिमा इनवेस्टर क्लब का आयोजन

**बिलासपुर।** इंवेस्टर क्लब स्वर्णिमा एरा द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर सावन उत्सव का आयोजन उल्लास के साथ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर आयोजन को खास बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मेहंदी प्रतियोगिता से हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का परिचय देते हुए हथेलियों को सुंदर और पारंपरिक डिज़ाइनों से सजाया। इसके बाद गायन व बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण 'सावन सुंदरी सम्मान समारोह' रहा। जिसमें प्रतिभागियों की परिधान, आत्मविश्वास, मुस्कान और प्रस्तुति के आधार पर पांच महिलाओं को विशेष उपाधियों से नवाजा गया। निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों में ज्योति सोनवानी को मिसेज सावन सुंदरी, श्रीचा पांडेय को मिसेज वेल ड्रेस्ड, रानी शर्मा को मिसेज ब्यूटीफूल, सिम्मी कोचर को मिसेज हैप्पीनेस और श्वेता देवांगन को मिसेज परफेक्ट के खिताब से सम्मानित किया गया।



कार्नर न्यूज

### तीसरे राउंड में भर गईं सभी 273 सीटें

## इंजीनियरिंग कालेज की सातों ब्रांच की सीटें फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर में इंजीनियरिंग बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक की सभी सीटें फुल हो गई हैं। तीसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद इंजीनियरिंग कालेज की सातों ब्रांचों की सभी 273 सीटों पर एडमिशन हो गया है।

बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में तीसरे राउंड की काउंसिलिंग तहत 22 जुलाई से 25 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया और 27 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। इस पर 28 जुलाई तक दावा आपत्ति मंगाया गया और 30 जुलाई को सीटों का एलाटमेंट जारी किया गया। तीसरे राउंड काउंसिलिंग तहत एडमिशन की आखिरी तिथि 3 अगस्त





तक रखी गई थी। इसमें गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज की सारी सीटें फुल हो गई हैं। तकनीकी संचालनालय द्वारा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए तीन राउंड की काउंसिलिंग का कार्यक्रम ही जारी किया गया है, उसके बाद और काउंसिलिंग होगी कि नहीं इस संबंध में कोई निर्देश नहीं आया है। इसके पूर्व पहले राउंड की काउंसिलिंग तहत आनलाइन रजिस्ट्रेशन 23 जून से चालू हुआ था और 27 जून तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चलती रही। इसके पश्चात मेरिट लिस्ट जारी होने और 30 जून को सीटों के आबंटन बाद इंजीनियरिंग कालेजों में एडमिशन दिया गया। 6 जुलाई तक पहले राउंड का एडमिशन हुआ।

इसके बाद दूसरे राउंड की काउंसिलिंग तहत 8 जुलाई से 11 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन हुआ और 13 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी हुई तथा सीटों का आबंटन 16 जुलाई को हुआ, जिसपर 25 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी बिलासपुर में सिविल, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यूनिकेशन, आईटी, मैनिकल व माइनिंग सात ब्रांच हैं, जिनमें कुल 273 सीटें हैं। इन सभी सीटों पर एडमिशन हो गया है।

## फ्रेशर्स के लिए इंडक्शन प्रोग्राम



गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई नई दिल्ली के निर्देशानुसार बीटेक प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए 4 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक इंडक्शन प्रोग्राम चल रहा है। इसमें विभिन्न शारीरिक, बौद्धिक, कलात्मक, विशिष्ट व्याख्यान, प्रेरक व्याख्यान तथा सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शिक्षकों द्वारा आधारभूत विज्ञान एवं गणित की कक्षाएं आयोजित की गई जिससे छात्र-छात्राएं बीटेक प्रथम वर्ष के मूल पाठयक्रम को आसानी से समझ सकें। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग के विभिन्न संकायों से संबंधित जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त ग्रुप कप्तान वाय श्रीनिवास ने संबोधित करते हुए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के महत्व को समझाते हुए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके विकास में रुकावट पैदा करने वाली कल्पनात्मक रस्सी को तोड़ने तथा अपने अवचेतन मन में लक्ष्य साधने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ अतिरिक्त सर्टिफिकेशन कोर्स करने तथा इंजीनियर बनकर उद्यमिता करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए योग सत्र का भी आयोजन किया गया। इंडक्शन कार्यक्रम में इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघल के मार्गदर्शन सहित डॉ. अवनीश उपाध्याय एवं प्रो. आरके डहरिया के साथ-साथ सभी प्राध्यापकों, विभागाध्यक्षों तथा अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### बिरकोना रोड पर युवक की मिली लाश



**बिलासपुर।** इंजीनियरिंग कालेज बिरकोना रोड में युवक की सड़ी गली लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, बड़ी कोनी का एक व्यक्ति शनिवार की सुबह इंजीनियरिंग कालेज बिरकोना रोड जंगल में गया था। इसी दौरान उसने जंगली सुअर को एक व्यक्ति का मांस खाते देखा। उसने लाश मिलने की जानकारी लोगों को दी। लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो लाश पुरी तरह से सड़ गई थी। उसके दोनों आंख व हाथ का पंजा नहीं था। लाश तीन चार दिन पुरानी बताई जा रही है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बिजली बंद होने पर आपरेटर से मारपीट

**बिलासपुर।** बिजली बंद होने पर सब स्टेशन में युवकों ने जाकर आपरेटर के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सीपत बसहा निवासी हेमलाल पिता रामखिलावन कश्यप 43 साल चकरभाठा बिजली सब स्टेशन में आपरेटर हैं। 7 अगस्त की रात वेड्यूटी में थे। रात 10 बजे बारिश होने पर चकरभाठा क्षेत्र के कुछ जगहों में बिजली बंद हो गई थी। शिकायत आने पर कर्मचारियों के द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान बोदरी निवासी प्रकाश वर्मा व उनके साथी आए सब स्टेशन में आकर कहने लगे लाइट बनाओ नहीं तो पूरे क्षेत्र की बिजली बंद करो। मना करने पर उनके द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गुड्स शेड पहुंची कश्मीर की पहली मालगाड़ी

**बिलासपुर।** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए एक ऐतिहासिक विकास में पंजाब के रूपनगर से पहली बार एक मालगाड़ी सफलतापूर्वक कश्मीर घाटी के अनंतनाग गुड्स शेड तक पहुंची है। यह कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल ढुलाई नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एसईसीआर के जोन अफसरों ने बताया कि मालगाड़ी में सीमेंट के 21 बीसीएन वैगन लदे थे। 600 किलोमीटर की यह यात्रा 18 घंटे से भी कम समय में अनंतनाग गुड्स शेड पर पूरी हुई। यह आयोजन कश्मीर क्षेत्र में लाजिस्टिक और आर्थिक विकास के एक नए युग का समर्थन करने के लिए इसकी तत्परता को दर्शाता है। ट्रेन में परिवहन किए जाने वाले सीमेंट का उपयोग कश्मीर घाटी के सड़कों, पुलों, सार्वजनिक बुनियादी ढ़ांचे और आवासीय भवनों के निर्माण सहित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया जाएगा।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

**आधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन की सुविधा होगी** | **किताबों के साथ यहां ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा होगी**

# पेंड्रा, लोरमी, मुंगेली में बनेंगे नालंदा परिसर, 500 सीटों पर मिलेगा पढ़ाई का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर, रायपुर के साथ ही अब छोटे शहरों में भी नालंदा परिसर बनेगा। राज्य सरकार ने तय किया है कि प्रदेश में 34 नए नालंदा परिसर बनाएं जाएंगे, इसमें आधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन की सुविधा होगी। इसमें पेंड्रा, लोरमी, मुंगेली में भी 250 से लेकर 500 सीटों पर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए पढ़ाई का अवसर मिल सकेगा। इन लाइब्रेरियों में युवाओं को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जरूरी किताबें मिलेंगी। साथ ही यहां ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई की सुविधा होगी, ताकि छात्र अपने लक्ष्य पर फोकस कर सकें।

दरअसल नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 33 नालंदा परिसरों के लिए 237 करोड़ 57 लाख 95 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 17 नगरीय निकायों में 18 नालंदा परिसरों के लिए 125 करोड़ 88 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। वहीं, 2024-25 में 15 नालंदा परिसरों के लिए 111 करोड़ 70 लाख रुपए स्वीकृत हुए, जिनमें से 11 के निर्माण का कार्यादेश जारी हो चुका है। हाल ही में विभाग ने 11 नगरीय निकायों में निर्माण के लिए 19 करोड़ 14 लाख 87 हजार रुपए की पहली किस्त जारी की है।



### यहां बनेगी लाइब्रेरी

- बिलासपुर- 500 सीट
- लोरमी- 500 सीट
- मुंगेली- 250 सीट
- पेंड्रा- 250 सीट



### मधुबन में विकसित किया जाएगा

ज्ञात हो कि बिलासपुर में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 100 करोड़ रुपए की लागत से एजुकेशन सिटी परिसर का निर्माण किया जा रहा है। अरपा नदी के किनारे मधुबन क्षेत्र में 13 एकड़ इसे विकसित किया जाएगा। इस परिसर में कोचिंग सेंटर, हॉस्टल, लाइब्रेरी और ऑडिटोरियम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। दावा किया जा रहा है कि यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब होगा। 13 एकड़ क्षेत्र में फैली एक ऐसी जगह जो छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को समर्पित होगी, जहां नालंदा परिसर, कोचिंग के लिए हॉल स्टेप, ऑडिटोरियम, हॉस्टल, गार्डन, पार्किंग, कैफेटेरिया और खेल मैदान होगा।

### 50 हजार स्टूडेंट को मिलेगा लाभ

अधिकारियों के मुताबिक पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल से परिपूर्ण एजुकेशन सिटी के निर्माण से बिलासपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। क्योंकि पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं। पहले से ही एजुकेशन हब के रूप में स्थापित बिलासपुर में एक अलग एजुकेशन सिटी के निर्माण से यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब बन जाएगा। इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इस एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 1000 विद्यार्थी क्षमता वाले हॉस्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, गार्डन, मल्टी लेवल पार्किंग सहित तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 48 हॉल सेटअप में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

### शहर बनेगा एजुकेशन हब

छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं। पहले से ही एजुकेशन हब के रूप में स्थापित बिलासपुर में एक अलग एजुकेशन सिटी के निर्माण से यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब बन जाएगा। इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे।

**- अमित कुमार**निगम कमिश्नर





शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व होने के कारण बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा पसरा रहा।

संतोषजनक जवाब नहीं देने पर शासन ने बिठाई थी जांच

## लेबर सप्लाई टेंडर में अनियमितता, जोन 5 के कमिश्नर अनुभव सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जोन क्रमांक 5 के कमिश्नर अनुभव सिंह को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय नगरीय प्रशासन क्षेत्रीय कार्यालय होगा। नगर पालिका मुंगेली में पदस्थापना के दौरान अनुभव सिंह पर आरोप है कि उन्होंने लेबर सप्लाई टेंडर में भारी अनियमितता की थी। इसके लिए 9 अप्रैल 2024 को शासन ने नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर शासन ने जांच बिठाई थी। जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। यह निलंबन आदेश नगरीय प्रशासन के अवर सचिव अजय तिर्की ने जारी किया है।

- नगरीय प्रशासन के अवर सचिव ने जारी किया आदेश

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद मुंगेली में पदस्थापना के दौरान अनुभव सिंह के कार्यकाल में मानव बल आपूर्ति के लिए सिस्टम टेंडर क्रमांक 138793 जारी किया गया था। इस टेंडर की कार्यवाही में अनियमितता पाई गई। विभाग के अनुसार, नगर पालिका परिषद द्वारा जारी प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा में अनिवार्य नियमों का पालन नहीं किया गया। नियम के मुताबिक, कम से कम तीन पात्र निविदाएं होनी चाहिए, लेकिन यहां केवल दो पात्र निविदाओं को मान्य कर लिया गया और द्वितीय निविदा आमंत्रित कर दी गई। इस अनियमितता को लेकर विभाग ने 9 अप्रैल 2024 को अनुभव सिंह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया था। उन्होंने इसका लिखित प्रतिवाद प्रस्तुत किया, लेकिन विभागीय परिशीलन में यह प्रतिवाद असंतोषजनक पाया गया। जवाब को अस्वीकार करते हुए राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालन/यांत्रिकी/स्वास्थ्य) सेवा भर्ती तथा सेवा शर्त नियम 2017 के नियम 33 के अंतर्गत अनुभव सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## छह घण्टे में सीसीटीवी फुटेज से सराफा व मेडिकल दुकान में चोरी करने वाला सिक्यूरिटी गार्ड गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने सराफा व मेडिकल दुकान में चोरी करने वाले सिक्यूरिटी गार्ड को 6 घण्टे के भीतर पकड़कर चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 7 अगस्त की रात सरकण्डा खमतराई रोड देवनंदन नगर फेस 2 निवासी रितेश गुप्ता की ज्वेलर्स की दुकान में धावा बोलकर चोरों ने पायल, अंगूठी, बिछिया, चांदी का सिक्का, करधन, छोटा चांद कान्हा श्रृंगार, 3 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया था। वहीं केशव प्रसाद साहू की मेडिकल दुकान के गल्ले से 2700 रुपए चोरी की गई थी। एक रात में दो दुकानों में चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने सरकण्डा पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया गया। पुलिस मौके पर जाकर सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाले तो एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा था। टीआई निलेश पाण्डेय के निर्देश पर प्रधान आरक्षक प्रमोद सिंह, विवेक राय, संजीव जांगड़े, सत्या पाटले व अन्य आसपास क्षेत्र में फुटेज के माध्यम से पहचान कार्रवाई में लगे हुए थे। इसी दौरान जानकारी हुई कि फुटेज में नजर आने वाला व्यक्ति स्वर्णिम ऐरा कालोनी में सिक्यूरिटी गार्ड का काम कर रहा है। पुलिस ने टीम ने कालोनी में दबिश देकर गार्ड मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी विशु लहरे उर्फ ढोलू पिता राज कुमार लहरे 25 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसे दोनों दुकान में चोरी करना स्वीकर कर लिया। उसके निशानदेहीं पर उसके बेग से चोरी के सभी जेवर व नकद रकम बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



चोरी गए सामान। इनसेट में आरोपी।

### बाईपास लाइन पर युवक ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** शनिवार की दोपहर दिन दहाड़े बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बाईपास लाइन पर एक युवक ने ट्रेन के सामने आकर खुदकुशी कर ली। ट्रेन से कटकर सिर और धड़ दोनों अलग हो गए। जीआरपी ने मृतक का शव पोस्टमार्टम करने के बाद पहचान के लिए मरच्यूरी में रखवा दिया है।

जोनल स्टेशन बिलासपुर में यात्रियों के ट्रेन से गिरने और ट्रेन के सामने आकर खुदकुशी करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शुक्रवार को एक युवक आजाद हिंद एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में ट्रैक पर गिर गया, जिसके ऊपर से ट्रेन के कोच निकलने के बाद भी उसकी जान बच गई। वहीं शनिवार को रक्षाबंधन के पर्व पर स्टेशन के आरआरआई केबिन के पीछे बाईपास लाइन पर एक युवक की लाश मिलने की सूचना पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। ट्रेन की चपेट में आने से युवक का सिर और धड़ दोनों अलग-अलग हो गया था, जिसके कारण युवक के खुदकुशी करने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पूछताछ में किसी ने भी युवक के संबंध में जानकारी नहीं दी और न ही उसके पास से जीआरपी को कुछ मिला। मृतक की लंबाई 5 फुट 2 इंच, रंग सांवला, चेहरा लंबा, काला पेंट और फुल शर्ट पहना हुआ था। जीआरपी ने युवक की पहचान नहीं होने के कारण उसका शव मरच्यूरी में रख मर्ग कायम कर लिया है।

### बेलगाम बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**बिलासपुर।** बेलगाम बोलेरो के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका बच्चा घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। महिला का शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, सकरी भरारी निवासी हेमलता सूर्यवंशी पति सुमीत सूर्यवंशी 29 साल अपने दो बच्चों को लेकर रिश्तेदार के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीबी, 8125 में सवार होकर तुर्काडीह की ओर जा रही थीं। शाम 4 बजे तुर्काडीह ओवरब्रिज के पहले तेज रफ्तार से जा रहे अज्ञात बोलेरो के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में हेमलता सूर्यवंशी व उनका एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही कोनी व सकरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। डायल 112 से घायल मां बेटी को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद हेमलता सूर्यवंशी को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद उनका शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। वहीं उनके बच्चे का सिम्स में इलाज चल रहा है।

### खड़े ट्रेलर से स्कार्पियो सवार चोर ले उड़े 70 लीटर डीजल

**बिलासपुर।** सड़क किनारे ड्राइवर ट्रेलर खड़े कर केबिन में सो गया। स्कार्पियो सवार चोर उसकी गाड़ी से 70 लीटर डीजल चोरी कर भाग गए। पुलिस गाड़ी नम्बर मिलने के बाद भी चोरों को नहीं पकड़ पाई है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, चकरभाठा नयापारा निवासी गंगा साहू पिता स्व. राजाराम साहू पेशे से ड्राइवर है। 8 अगस्त की रात 3 बजे वह ट्रेलर क्रमांक सीजी 30 एच, 2900 को अमसेना सर्विस रोड के किनारे खड़े कर केबिन में सो गया। गाड़ी में आवाज आने पर उसकी नींद खुल गई। खिड़की से झांककर देखा तो क्रमांक सीजी 12 बीपी, 6047 में सवार 3 लोग ट्रेलर की टंकी से डीजल चोरी कर रहे थे। डर में उसने आवाज नहीं लगाई। स्कार्पियो के जाने के बाद देखा तो टंकी से 70 लीटर डीजल चोरी हो गया था। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर स्कापियो सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गाली देने से मना करने पर निगम के सफाईकर्मी पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर नगर निगम सफाईकर्मी के साथ युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, बिरकोना आवासपारा निवासी राजा सूर्यवंशी पिता लक्ष्मी प्रसाद सूर्यवंशी नगर निगम में सफाईकर्मी है। 8 अगस्त की रात 10.30 बजे वह खाना खाकर घर के पास गली में टहल रहा था, इसी दौरान गांव के कल्लू उर्फ ओमप्रकाश रजक, संतराम व अन्य गाली गलौज करते हुए जा रहे थे। उसने घर के पास गाली देने से मना किया तो युवकों ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। उनके पिता लक्ष्मी सूर्यवंशी, बहन कु. गंगा, पड़ोसी बलराम सूर्यवंशी बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। राजा सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। दूसरे दिन भी पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकारेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुक्मणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी साईं बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशि: स्लीपर-ऑफर 16,501/-, 3AC-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
91111-11866

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411